# 9वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (ADMM Plus)

## प्रलिम्सि के लयि:

आसयिान(ASEAN), सीमा पार आतंकवाद, खाद्य सुरक्षा

## मेन्स के लयि:

भारत से संबंधति और/अथवा भारत के हतिों को प्रभावति करने वाले समूह और समझौते

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के रक्षा मंत्री ने सएिम रीप, कंबोडयिा में 9वीं आसयिान रक्षा मंत्रयिों की बैठक में भाग लयिा।

## प्रमुख बदिु

- **आतंकवाद संबंधी**:
  - भारत ने **अंतरराष्ट्रीय और सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने के** लयि तत्काल एवं दृढ़ वैश्वकि प्रयासों का आह्वान कयिा तथा आतंकवाद को क्षेत्रीय और वैश्वकि सुरक्षा के लयि सबसे गंभीर खतरा बताया।
- **अन्य सुरक्षा संबंधी चतिाएँ:**
  - इसमें भारत ने इस मंच का ध्यान वैश्वकि **कोवडि-19 महामारी** से उत्पन्न होने वाली अन्य सुरक्षा चतिाओं जैसे ऊर्जा और **खाद्य सुरक्षा** की ओर दलिाया।
- **समुद्री सुरक्षा के संबंध में:**
  - **भारत एक मुक्त, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र** की वकालत करता है और सभी देशों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हुए ववािदों के शांतपिूर्ण समाधान का आह्वान करता है।
  - इस संदर्भ में उन्होंने कहा क**दिक्षणि चीन सागर** में आचार संहतिा पर चल रही आसयिान-चीन वार्ता अंतर्राष्ट्रीय कानून, वशिष रूप से **संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून अभसिमय** (United Nations Convention on the Law of the Sea- UNCLOS) के साथ पूरी तरह से संगत होनी चाहयि और उन राष्ट्रों के वैध अधकिारों एवं हतिों के प्रतपिक्षपातपूर्ण नहीं होनी चाहयि जो इन चर्चाओं में शामलि नहीं हैं।

## आसयिान रक्षा मंत्रयिों की बैठक (ADMM Plus):

- **परचिय:**
  - वर्ष 2007 में सगिापुर में दूसरी आसयिान रक्षा मंत्रयिों की बैठक (ADMM) ने ADMM Plus की स्थापना के लयि एक संकल्प अपनाया था।
    - पहला ADMM Plus वर्ष 2010 में हनोई, वयितनाम में आयोजति कयिा गया था।
    - ब्रुनेई वर्ष 2021 के लयि ADMM Plus फोरम का अध्यक्ष है।
  - **यह 10 आसयिान देशों और आठ संवाद सहयोगी देशों के रक्षा मंत्रयिों की वार्षकि बैठक है।**
    - **दक्षणि-पूर्व एशयिाई देशों के संगठन (Association of Southeast Asian Nations- ASEAN/आसयिान)** एक क्षेत्रीय संगठन है जसि एशयिा-प्रशांत के बाद के औपनवशिकि देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच राजनीतकि और सामाजकि स्थरिता को बढ़ावा देने के लयि स्थापति कयिा गया था।
- **सदस्यता:**
  - ADMM- plus देशों में दस आसयिान सदस्य देश **(इंडोनेशयिा, मलेशयिा, फलिीपींस सगिापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वयितनाम, लाओस, म्याँमार और कंबोडयिा)** और **आठ अन्य देश, अर्थात् ऑस्ट्रेलयिा, चीन, भारत, जापान, न्यूज़ीलैंड, कोरयिा गणराज्य, रूसी संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका शामलि हैं।**
  - इसका उद्देश्य वार्ताओं और पारदर्शतिा के माध्यम से रक्षा प्रतष्ठिानों के बीच आपसी वशि्वास को बढ़ावा देना है।

- **सहयोग के क्षेत्र:**
    - इसके सहयोग के क्षेत्र समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद का मुकाबला, मानवीय सहायता और आपदा राहत, शांतिअभियान तथा सैन्य चिकित्सा आदि हैं।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. भारत निम्नलिखित में से किसका सदस्य है? (2015)**

1. एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग
2. दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संघ
3. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3
(d) भारत इनमें से किसी का भी सदस्य नहीं है

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1989 में स्थापित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) न्यूनतम पात्रता निर्धारित करता है कि सदस्य बनने के लिये देशों को प्रशांत महासागर के साथ सीमा साझा करनी चाहिये। भारत इसका सदस्य नहीं है और नवंबर 2011 में पहली बार पर्यवेक्षक बनने के लिये आमंत्रित किया गया था। यह 21 सदस्यीय निकाय है। **अतः 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 1961 में स्थापित दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संघ (आसियान/ ASEAN) क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन है जिसमें दक्षिण-पूर्व एशिया के दस देश शामिल हैं, जो अंतर-सरकारी सहयोग को बढ़ावा देता है और अपने सदस्यों एवं एशिया के अन्य देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सुरक्षा, सैन्य, शैक्षिक व सामाजिक-सांस्कृतिक एकीकरण की सुविधा प्रदान करता है। भारत दक्षिण एशिया में स्थित है तथा आसियान का सदस्य नहीं है। **अतः 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2005 में स्थापित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS) भारत-प्रशांत क्षेत्र के सामने आने वाली प्रमुख राजनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों पर रणनीतिक बातचीत एवं सहयोग के लिये 18 सदस्यीय राज्य निकाय है। इसमें 8 सदस्यों-ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, भारत, न्यूज़ीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के सदस्य देश शामिल हैं।**अत: कथन 3 सही है।**

**अतः विकल्प (b) सही है।**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:(2018)**

1. ऑस्ट्रेलिया
2. कनाडा
3. चीन
4. भारत
5. जापान
6. यूएसए

**उपर्युक्त में से कौन आसियान (ASEAN) के 'मुक्त-व्यापार भागीदारों' में शामिल हैं?**

(a) केवल 1, 2, 4 और 5
(b) केवल 3, 4, 5 और 6
(c) केवल 1, 3, 4 और 5
(d) केवल 2, 3, 4 और 6

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- एसोसिएशन ऑफ साउथ-ईस्ट एशियन नेशंस (आसियान) का छह भागीदारों के साथ मुक्त व्यापार समझौता है, ये देश हैं- पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ

चाइना, कोरिया गणराज्य, जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड। **अत: 1, 3, 4 और 5 सही हैं।**

- आसियान की स्थापना 8 अगस्त, 1967 को बैंकॉक, थाईलैंड में आसियान घोषणापत्र (बैंकाक घोषणा) पर आसियान के संस्थापकों, अर्थात् इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा हस्ताक्षर किये जाने के साथ हुई थी। ब्रुनेई दारुस्सलाम 7 जनवरी, 1984 को, वियतनाम 28 जुलाई, 1995 को, लाओ PDR और म्याँमार 23 जुलाई, 1997 को तथा कंबोडिया 30 अप्रैल, 1999 को शामिल हुए, जो आसियान के दस सदस्य देश हैं।

**अतः विकल्प (C) सही है।**

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/9th-asean-defence-ministers-meeting-plus